Department of Higher Education
Govt. of Uttarakhand

Entrepreneurship Development Institute of India
Ahmedabad

# Faculty Mentor Development Programme

(12th to 17th December,2023)

## एसएसजे में छात्र कर सकेंगे उद्यान के विषयों की पढ़ाई

अल्मोड़ा। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत जल्द ही स्नातक, परास्नातक और सार्टिफिकेट कोर्सेज के माध्यम से छात्र उद्यान, स्टार्टअप जैसे विषयों की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए परिसर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना भी की जाएगी। यह जानकारी प्रशिक्षण से लौटे डॉ रवींद्र कुमार ने दी। एसएसजे परिसर में कार्यरत डॉ रवींद्र कुमार पाठक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में उद्यमिता पर छह दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ रवींद्र ने उद्यमिता के विभिन्न आयामों व क्रियात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया।

# देवभूमि उद्यमिता योजना से युवाओं में जगी रोजगार की आस, नैनबाग की डॉ. मधु बाला जुवाँठा ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

बुलन्द वाणी/संजय राजपूत

**टिहरी गढ़वाल, नैनबाग।** उत्तराखंड सरकार द्वारा शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता स्टार्टअप एवं नवाचार आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उच्च शिक्षण संस्थानों से फेकल्टी मेंटर प्रशिक्षण दिनांक 12 से 17 दिसंम्बर 2023 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में संपन्न हुआ। हर्ष का विषय है कि राजकीय महाविद्यालय नैनबाग से डॉ. मधु



बाला जुवाँठा ने इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

डॉ. मधु बाला जुवाँठा ने बताया कि इस योजना के तहत महाविद्यालय में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जाएगी एवं बूट कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्टार्ट- अप के प्रति जागरूक किया जाएगा। छात्रों को स्टार्टअप हेतु सीड फंडिंग सरकार द्वारा की जाएगी एवं उद्यमिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर डॉ. मधु बाला जुवाँठा को बधाई दी उन्होंने आशा व्यक्त की कि जल्द ही महाविद्यालय में उद्यमिता केंद्र स्थापित कर छात्र-छात्राओं, स्थानीय युवाओं एवं उद्यमियों से स्टार्टअप के लिए नए विचारों को प्राप्त किया जाएगा। जिससे की भविष्य में जिसका लाभ स्थानीय स्तर पर युवाओं एवं उद्यमियों को प्राप्त होता रहेगा।

डॉ. मधु बाला जुवाँठा द्वारा प्राप्त किए गए इस प्रशिक्षण पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्थानीय युवाओं ने देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम के प्रति हर्ष जाहिर किया।

समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखो, विचारों व समाचारों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक

# उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की हुई स्थापना


पिथौरागढ़। सीमांत महाविद्यालय बलुवाकोट में देवभूमि उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई। शुक्रवार को प्राचार्य डॉ.अतुल चंद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बताया कि तृतीय उद्यमिता मैंटरशिप प्रोग्राम में डॉ.चंद्रा नबियाल का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। जिसके बाद उनको नोडल अधिकारी बनाया गया है। यहां डॉ.नवीन कुमार, डॉ. पूर्णिमा विश्वकर्मा, डॉ. विकेश सिंह आदि रहे।

# मासी में उद्यमिता विकास केंद्र की होगी स्थापना

**चौखुटिया।** प्राध्यापक डॉ संजीव अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर मासी पहुंचे। मासी में प्रधानाचार्य प्रो आनंद प्रकाश व अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। प्राध्यापक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जाएगी तथा छात्र-छात्राओं को नवाचार उद्यमिता एवं स्टार्टअप संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।






अल्मोड़ा

# राजकीय महाविद्यालय भत्रोजखान से डॉ केतकी तारा कुमैय्या ने उच्च गेट स्कोर प्राप्त कर भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद में 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण प्राप्त किया : महाविद्यालय में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

# चौबट्टाखाल कालेज में स्थापित होगा उद्यमिता केंद्र

**कोटद्वार/सतपुली।** युवाओं में उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए राज्य सरकार की पहल पर महाविद्यालयों में उद्यमिता केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इन उद्यमिता केंद्रों में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया जाना है। राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में भी उद्यमिता केन्द्र की स्थापना की जाएगी। प्राचार्य डा. विमल कुकरेती ने बताया केन्द्र के लिए डा. श्रवण कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। बताया कि विद्यार्थियों को उद्यमशील बनाने के लिए कालेज स्तर पर 40 बूथ कैंपों का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने बताया कि योजना को लेकर 20 बिन्दुओं पर आधारित एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम, नए बिजनेस आइडिया की पहचान सहित अन्य बिंदुओं पर कार्य किया जाना है। यह युवाओं के लिए लाभदायक होगा।


**विज्ञप्ति**

**विज्ञापन सं.-01/प्र.स.ग./2023-24/दिनांक 21.12.2023**

शहीद भवानी दत्त स्मारक इण्टर कालेज चेपड़ो थराली, चमोली की प्रबन्धक समिति का चुनाव निम्नवत प्रस्तावित किया जाना है।

दिनांक 28.12.2023, 1-साधारण सभा के सदस्यों की सूची का प्रकाशन प्रातः 11.00 बजे तक (आपत्तियां यदि कोई हो तो 12.00 बजे तक), 2-प्रबन्ध समिति के विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों हेतु नामांकन 12.00 बजे से 3.30 बजे तक, 3-नामांकन पत्रों की जांच 5.00 बजे तक, दिनांक 29.12.2023, 1- नाम वापसी 11.00 बजे तक, 2-प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन 12.00 बजे तक, 3-चुनाव हेतु मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) 1.00 बजे से 3.00 बजे तक, 4-मतगणना 4.30 बजे तक, 5-घोषणा 5.00 बजे तक।

**प्रबन्धक**

**शहीद भवानी दत्त स्मा. इण्टर कालेज चेपडो थराली, चमोली (उत्तराखण्ड)**

# पलायन रोकने में मील का पत्थर साबित होगा उद्यमिता कौशल : डॉ. अंशु

<u>उत्तर उजला मुख्य संवाददाता</u>

**हल्द्वानी।** उच्च शिक्षा संस्थानों में उद्यमिता स्टार्टअप, उद्यमिता कौशल एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देवभूमि उद्यमिता योजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु भारतीय उधमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा 11 दिवसीय फैकल्टी मैटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय किशनपुर गौलापर से डॉ. आशीष अंशु ने प्रतिनिधित्व कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर देवभूमि उद्यमिता योजना को पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने की दिशा में कौशल प्राप्त किया। डॉ. आशीष अंशु ने बताया कि इस योजनान्तर्गत महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को उद्यमिता कौशल के संबंध में स्पंदित कर उन्हें उद्यमिता विकास, रोजगार, स्टार्टअप एवं व्यवसायिक निपुणता को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित किया जायेगा। देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उद्यमी बनाने, उनके अंदर उद्यमिता कौशल को निखारने तथा युवाओं को उत्तराखंड से पलायन रोकने एवं रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम से विद्यार्थियों को उद्यमशीलता योजना की जानकारी प्रदान करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर बूट कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसमे उन्हें सीड फंडिंग, सरकारी एवं ग़र सरकारी प्रोत्साहन योजना को प्राप्त करने की दिशा में प्रशिक्षित किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम को पूर्ण रूप से महाविद्यालय में लागू किया जाएगा और इस हेतु महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना की जायेगी। जहां विद्यार्थियों को उद्यमिता योजना के क्रियान्वयन से संबंधित हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। महाविद्यालय उद्यमिता विकास केंद्र रोजगार सृजन की दिशा में अपनी भूमिका निभाएगा। इस दिशा में शीघ्र ही महाविद्यालय में बूट कैंप का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# डॉ. अशोक बने नोडल अधिकारी

गदरपुर। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार को देवभूमि उद्यमिता योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं।



प्राचार्य डॉ. शर्मिला सक्सेना, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ. श्रीहरि प्रसाद, डॉ. प्रमोद वर्मा आदि ने डॉ. अशोक को बधाई दी है। संवाद

# गौलापार कालेज में बनेगा उद्यमिता विकास केंद्र

जासं, हल्द्वानी : उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों को देवभूमि उद्यमिता योजना से जोड़ा है। इसके तहत राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी शहर के प्राध्यापक एवं परियोजना के मेंटर डा. आशीष अंशु ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे। डा. आशीष ने बताया कि कालेज में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्टार्टअप शुरू करने को लेकर मार्गदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थियों के अलावा क्षेत्र के अन्य लोग भी कालेज के साथ जुड़कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

# डॉ. अशोक बने उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी

गदरपुर। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार को देवभूमि उद्यमिता योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

डॉ. अशोक कुमार भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन सशक्त एवं आत्मनिर्भर उत्तराखंड के क्रम में उत्तराखंड को उच्च कोटि का स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से टाईअप कर तीन चरणों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित कर 90 मेंटर को प्रशिक्षित किया है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं को बूटकैंप, स्टार्टअप आइडिया, वैल्यू एडिशन, मार्केट रिसर्च, बिजनेस संप्रेषण कौशल, फाइनेंस कौशल में प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जा सकेगा। ताकि वे क्षेत्रीय विकास के साथ ही आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।



कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते डॉ. अशोक कुमार

# दो प्राध्यापक बने नोडल अधिकारी



खटीमा। एचएनबी पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. केके मिश्रा और डॉ. हरेंद्र मोहन सिंह को देवभूमि उद्यमिता योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद में छह दिन के प्रशिक्षण के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली। डॉ. मिश्रा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए जागरूक करना है। संवाद

# चौबट्टाखाल में खुलेगा उद्यमिता केंद्र

संवाद सहयोगी, कोटद्वार : युवाओं में कौशल विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में उद्यमिता केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा युवाओं को जागरूक भी किया जा रहा है।

केंद्र स्थापित होने से पूर्व महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्था (ईडीआइआइ) की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उद्यमिता केंद्र की मदद से युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और राज्य के क्षेत्रीय उद्यमिता केंद्र देहरादून के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय चैबट्टाखाल में केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के लिए युवाओं को पंजीकरण करना होगा। प्रशिक्षण केंद्र में डा. सुनील कुमार, डा. हेमंत जोशी, डा. प्रवीण कुमार डोभाल, डा. नम्रता सिंह पंवार, ऋतु टम्टा, धनंजय त्रिपाठी, डा. भरतपाल सिंह, डा. रणजीत कुमार, अतुल बलूनी आदि सहयोग देंगे।

गढ़वाल की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com

# उद्यमिता विकास का केंद्र बनेगा

देहरादून। उत्तराखंड के युवाओं को सशक्त एवं उद्यमी बनाने के लिए उत्तराखंड मुक्त विवि (यूओयू) में जल्द ही देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र बनाया जाएगा।

होटल मैनेजमेंट के प्राध्यापक डॉ. सुभाष रमोला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत सरकार का लक्ष्य उद्यमिता, स्टार्ट-अप, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के लिए युवाओं को जागरूक एवं प्रोत्साहित करना है। ताकि, उत्तराखंड को स्टार्ट-अप फ्रेंडली डेस्टिनेशन एवं सशक्त राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। दून परिसर के प्रभारी निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि यह योजना रोजगार के नये अवसर की महत्वपूर्ण योजना है।

# एसबीएस में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र को स्थापित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को उद्यमिता योजना के क्रियान्वयन से संबंधित सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। शीघ्र ही महाविद्यालय में बूट कैंप का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के लिए उत्तराखंड सरकार के देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

एसबीएस महाविद्यालय के डॉ. आशीष गुप्ता ने प्रतिनिधित्व कर अहमदाबाद में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्ण किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शनिवार को महाविद्यालय के डॉ. आशीष ने बताया कि इस योजना के तहत महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास, रोजगार, स्टार्टअप एवं व्यावसायिक निपुणता को प्राप्त करने की दिशा में छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उद्यमी बनाने, उनके अंदर उद्यमिता कौशल को निखारने तथा युवाओं को व्यवसाय व रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। महाविद्यालय स्तर जल्द बूट कैंप का आयोजन किया जाना है, जिसमें 250 छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# डॉ. अशोक बने नोडल अधिकारी

गदरपुर। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार को देवभूमि उद्यमिता योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं।



प्राचार्य डॉ. शर्मिला सक्सेना, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ. श्रीहरि प्रसाद, डॉ. प्रमोद वर्मा आदि ने डॉ. अशोक को बधाई दी है। संवाद

# बलुवाकोट में बना कौशल विकास केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**धारचूला (पिथौरागढ़)।** राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट में देवभूमि उद्यमिता कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया है।

अहमदाबाद के उद्यमिता कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित डॉ. चंद्रा नबियाल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को कौशल विकास व रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी जाएगी। उन्हें स्टार्ट अप, सूक्ष्म, लघु उद्योगों की निपुणता की दिशा में प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर इच्छुक छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा। महाविद्यालय में बूट कैंप आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ. अतुल चंद ने उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की स्थापना पर खुशी जताई।

इस मौके पर डॉ. नवीन कुमार, डॉ. पूर्णिमा विश्वकर्मा, डॉ. विकेश सिंह, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सुधीर जोशी, डॉ. नक्षत्र पाठक, डॉ. केएस राना आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड के सीमांत महाविद्यालय बलुवाकोट में देवभूमि उद्यमिता कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया : डॉ॰ चंद्रा नबियाल

बुलन्द वाणी संजय राजपूत

**पिथौरागढ़, बलुवाकोट।** उत्तराखण्ड राज्य सरकार की बहुदेशीय परियोजना को क्रियान्वित करते हुऐ उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के समन्वित प्रयास के उपरांत तृतीय उद्यमिता मैंटरशिप प्रोग्राम मे राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट की चंद्रा नबियाल द्वारा उद्यमिता कौशल विकास प्रशिक्षण एउक्क अहमदाबाद से सफलता पूर्वक प्राप्त किया गया। जिसके अंतर्गत उन्होने महाविद्यालय से उत्तीर्ण व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं पर केंद्रित क्षेत्रीय आजीविका से उद्यमिता कौशल की प्राप्ति की प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति अथवा समाज के उत्थान को संभव बनाया जा सके। उद्यमिता कौशल विकास की सफलता को क्षेत्रीय आजीविका के नये कलेवर व प्रचलित तकनीकी विधाओं द्वारा प्राप्त किया जा सकता है, जैसे- होम स्टे एथनिक टूरिज्म, नेचुरल






केयर सेंटर, योगा सेंटर आदि। सर्वप्रथम महाविद्यालय की संबंधित समिति द्वारा उद्यमिता केंद्र की स्थापना के पश्चात छात्र-छात्राओं को कौशल विकास व रोजगार के नये आयामों से परिचित कराया जायेगा तथा स्टार्ट अप, सूक्ष्म व लघु उद्योगों की निपुणता की दिशा मे प्रेरित किया जायेगा। इसी क्रम मे देवभूमि उद्यमिता पोर्टल पर इच्छुक छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा तथा छात्र-छात्राओं को नित स्व-रोजगार हेतु प्रेरणा प्रदत्त की जाती रहेगी जिस हेतु महाविद्यालय मे बूट कैंप व अन्य प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेगे जिसमे प्रेरणादायी व्यक्तित्व, बैंकर्स, अकादमिक व प्रोफेशनल का योगदान अपेक्षित रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ अतुल चंद द्वारा महाविद्यालय मे उपरोक्त कार्यक्रम के शुभारंभ पर अत्यंत हर्ष व सकारात्मकता प्रदर्शित की गयी व महाविद्यालय मे उद्यमिता कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गयी, तथा नोडल अधिकारी डॉ॰ चंद्रा नबियाल को उपरोक्त कार्य के लिये बधाई व शुभकामनाऐं तथा हर प्रकार का अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की घोषणा की गयी। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ॰ नवीन कुमार, डॉ॰ पूर्णिमा विश्वकर्मा, डॉ॰ विकेश सिंह, डॉ॰ संदीप कुमार, डॉ॰ सुधीर जोशी, डॉ॰ नक्षत्र पाठक, डॉ॰ के॰एस॰राना व महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# देवभूमि उद्यमिता योजना को बनाया जाएगा प्रभावी

जासं, रुद्रपुर : सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के डा. आशीष गुप्ता ने अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कालेज का प्रतिनिधित्व किया। इसमें उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर देवभूमि उद्यमिता योजना को प्रभावी बनाने की दिशा में कौशल प्राप्त किया।

प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे डा गुप्ता ने बताया कि उद्यमिता विकास, रोजगार, स्टार्टअप एवं व्यवसायिक निपुणता प्राप्त करने की दिशा में छात्र छात्राओं को प्रेरित किया जाएगा। देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उद्यमी बनाने, उनके अंदर उद्यमिता कौशल को निखारने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता योजना की जानकारी प्रदान करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर बूट कैंप का आयोजन किया जाना है, जिसमे 250 छात्र छात्राओं को उद्यमिता के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान कर उन्हें सीड फंडिंग, सरकारी एवं गैर सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की दिशा में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम को पूर्ण रूप से महाविद्यालय में लागू किया जाएगा। इसके लिए महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना हो चुकी है। उद्यमिता विकास केंद्र रोजगार सृजन की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।



# युवाओं को उद्योग स्थापित करने के लिए करेंगे प्रेरित





रवींद्र नाथ को प्रमाण पत्र देते विशेषज्ञ। डॉ. केतकी।

## डॉ. रवींद्र नाथ पाठक और डॉ. केतकी तारा कुमैय्या ने लिया अहमदाबाद में छह दिनी प्रशिक्षण

अल्मोड़ा/भतरौंजखान। एसएसजे परिसर के कंप्यूटर विभाग में तैनात सहायक प्राध्यापक डॉ. रवींद्र नाथ पाठक, भतरौंजखान महाविद्यालय की डॉ. केतकी तारा कुमैय्या ने देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में छह दिनी प्रशिक्षण प्राप्त किया।

दोनों ने बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य के विवि और शिक्षण संस्थानों में नई शिक्षा नीति के तहत उद्यमिता को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने उद्यमिता के कई आयामों की जानकारी दी। डॉ. रवींद्र ने कहा कि एएसजे परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना है। उद्यमिता को एक विषय के रूप में तैयार कर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा।

डॉ. केतकी तारा कुमैय्या ने बताया कि महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र की शीघ्र स्थापना होगी। इससे विद्यार्थियों को बूटकैंप, स्टार्टअप आइडिया, वैल्यू एडिशन, को-क्रिएशन, मार्केट रिसर्च, बिजनेस संप्रेषण कौशल, फाइनेंस कौशल में प्रशिक्षण दिया जाएगा

# देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**अल्मोड़ा।** रोजगारपरक योजना देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अन्तर्गत उच्च गेट-2 स्कोर तथा साक्षात्कार की प्रक्रिया के उपरांत चयनित सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ रवीन्द्र नाथ पाठक ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात से छह दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण किया. इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर व्यापक तथा क्रियात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर उत्तराखंड सरकार के साथ एक साझा कार्यक्रम के तहत नोडल स्तर पर अधिकारीयों का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया गया था. इस प्रशिक्षण के उपरांत अल्मोड़ा जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थी भी उद्यमिता की बारीकियों से परिचित हो सकेंगे. इस प्रशिक्षण के पश्चात अल्मोड़ा परिसर में सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस की स्थापना भी प्रस्तावित की गई है. तथा जल्द ही कार्यक्रम रणनीति के तहत एक विषय




के रूप में विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातक, परास्नातक तथा सर्टिफिकेट कोर्स भी प्रारम्भ किये जायेंगे जिससे कि छात्रों का रुझान स्टार्टअप, उद्यमिता तथा अन्य अवसरों को भी सामान रूप से अपनाने की प्रवित्ति का भी विकास हो सकेगा तथा अग्रणी राज्य के रूप में उत्तराखंड की विभिन्न सूचकांकों में उच्चतम स्थिति हो सकेगी।

**अमर उजाला** **कोटद्वार**

## चौबट्टाखाल में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

**कोटद्वार।** युवाओं के अंदर उद्यमित्ता कौशल विकसित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की पहल पर राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल, पौड़ी गढ़वाल में उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जा रही है। केंद्र संचालन के लिए अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर यहां लौटे डॉ. श्रवण कुमार को नोडल अधिकारी तैनात किया गया है। उद्यमिता केंद्र में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में उद्यम कौशल विकसित कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा दी जाएगी। प्राचार्य प्रो. डॉ. विमल कुकरेती ने बताया कि 40 बूट कैंप शिविरों का आयोजन कालेज स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक बूट कैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की योजना है। इसके लिए पंजीकरण आरंभ कर दिए गए हैं। डॉ. सुनील कुमार, डॉ. हेमंत जोशी आदि सहयोग करेंगे। संवाद

राजकीय महाविद्यालय भत्रोजखानमें खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र,

राजकीय महाविद्यालय भत्रोजखान से डॉ केतकी तारा कुमैय्या ने उच्च गेट स्कोर प्राप्त कर भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद में 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण प्राप्त किया : महाविद्यालय में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी की उत्तराखंड को उच्चकोटी का स्टार्टअप डेस्टिनेशन बनाने हेतु उत्तराखंड उच्च शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ,अहमदाबाद से टाई अप कर तीन चरणों में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित कर 90 मेंटर को प्रशिक्षित किया ताकि उत्तराखंड भारतीय उद्यमिता के मानचित्र में अपनी अलग पहचान बना सके।

माननीय प्राचार्य प्रो सीमा के मार्गदर्शन में डॉ केतकी तारा कुमैय्याँ ,नोडल अधिकारी , स्टार्टअप प्रकोष्ठ ने राजकीय महाविद्यालय भत्रोंजखान अल्मोड़ा की ओर से उद्यमिता ,स्वरोजगार एवम आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देने के लिए ईडीआईआई, अहमदाबाद में सक्रिय एवम उत्कृष्ट प्रतिभाग एवम योगदान दिया ।कुशल प्रशिक्षण हेतु डॉ केतकी ने समस्त उत्तराखंड की ओर से निदेशक डॉ सुनील शुक्ला,कार्यक्रम समन्वयक डॉ अमित, संयोजक डॉ निमिषा , डीयूवाई निदेशक डॉ सुमित कुमार सहित समस्त आयोजको को भी धन्यवाद प्रेषित किया ।
उच्च गेट स्कोर के आधार पर चुनी गई डॉ केतकी तारा कुमैय्यां ने इस 6 दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में शिरकत की । उत्तराखंड राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार रूप भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान , अहमदाबाद दे रहा है जिसमे आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से नीति आयोग के सूचकांकों में उच्च स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है तथा युवाओं को स्वरोजगार एवम स्वावलंबन को ओर प्रोत्साहित कर देवभूमि को रणनीतिक तरीके से एक स्टार्टअप फ्रेंडली डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना प्राथमिकता है जिसमे बूटकैंप, स्टार्टअप आइडिया ,वैल्यू एडिशन ,को क्रिएशन, मार्केट रिसर्च, बिजनेस संप्रेषण कौशल,फाइनेंस कौशल में प्रशिक्षण देकर दुर्गम क्षेत्र के छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा सकेगा ताकि वे क्षेत्रीय विकास के साथ साथ आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण में अपना योगदान दे सके ।

# मेरा कौशल मेरी पहचान विषय पर फैकल्टी मेंटर प्रशिक्षण संपन्न

**लंबगांव।** फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लंबगांव मे भारतीय उधमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की ओर से देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के तहत मेरा कौशल मेरी पहचान विषय पर पर छः दिवसीय फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। शिविर मे योजना के तहत स्थानीय लोगों, युवाओं, और अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में प्रतिभा, कौशल की खोज करने के तौर–तरीकों की जानकारियां दी गई। योजना के नोडल अधिकारी तरुण मोहन ने बताया कि इसके अंतर्गत शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता कौशल संवर्धन और रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। छात्र–छात्राओं को उद्यमशील बनाने के लिए 40 बूट कैंप आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक बूट कैंप में 250 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कहा कि सभी महाविद्यालयों में उद्यमिता विकास केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही देवभूमि डेसबोर्ड पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्वरोजगार के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार, डा. सत्येंद्र पांडेय, डा. विपिन कुमार शर्मा, डा. भरत सिंह राणा मौजूद थे।

# कॉलेज में खुलेगा उद्यमिता विकास केंद्र

सितारगंज, संवाददाता। युवाओं में उद्यमिता कौशल को विकसित करने के लिए देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना की जाएगी। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुभाष वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से कार्यान्वित योजना महत्वाकांक्षी हैं।

उद्यमिता विकास केंद्र खुलने से छात्र-छात्राओं के लिए क्षेत्रीय स्तर पर उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.एमसी आर्य ने अहमदाबाद में 12 से 17 दिसंबर तक प्रशिक्षण में उद्यमिता, मेंटरशिप, कम्युनिकेशन, फाइनेंस, इनोवेशन एवं स्टार्टअप आदि से संबंधित प्रशिक्षण लिया है। मार्च 2024 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद और इसके देहरादून केन्द्र के सहयोग से उत्तराखंड के समस्त महाविद्यालयों में इसके बीस सूत्रीय गतिविधियों के संचालन को उद्यमिता विकास केन्द्रों की स्थापना होगी। विद्यार्थियों को उद्यमशील बनाने के लिए 40 बूटकैंप में 250 विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की योजना है। पंजीकरण प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ की जाएगी। डॉ.राजविंदर कौर, डॉ. सत्यमित्र सिंह, डॉ. संजय टम्टा, डॉ.नीति चौहान, डॉ.गरिमा जोशी रहे।

# अब स्टूडेंट्स सीखेंगे एंटरप्रेन्योरशिप के गुर

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




डॉ. नीतू बलूनी को मिली जिम्मेदारी.

### अहमदाबाद में 6 दिवसीय ट्रेनिंग के बाद डॉ. नीतू संभालेंगी कमान

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (18 Dec):** दून सिटी के सरकारी डिग्री कॉलेजेज में स्टूडेंट्स को एंटरप्रेन्योरशिप के गुर भी सिखाए जाएंगे. इसके लिए सरकारी डिग्री कॉलेजेज से एक-एक प्राध्यापक को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप इंस्टीट्यूट अहमदाबाद में 6 दिवसीय ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है. दून से यह जिम्मेदारी डॉ. नीतू बलूनी को दी गई है. एंटरप्रेन्योरशिप योजना को धरातल पर उतारने के लिए एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर स्थापित किया जाएगा.

## योजना उतरेगी धरातल पर

राज्य सरकार देवभूमि उद्यमिता योजना को हायर एजुकेशन के जरिये धरातल पर उतारना चाहती है. इसके लिए सरकारी डिग्री कॉलेजेज में स्टूडेंट्स को स्टार्ट अप, स्मॉल इंडस्ट्री, ई-कॉमर्स जैसे 500 से भी ज्यादा एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम्स के बारे में जानकारी दी जाएगी और इनके गुर सिखाए जाएंगे. उन्हें सीड फंड देकर स्टार्ट अप की शुरुआत के लिए सरकारी स्तर पर मदद दी जाएगी. योजना का मकसद युवाओं को ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराना है. प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने बताया कि उत्तराखंड सरकार और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट दून में खुलने से स्टूडेंट्स को रोजगार के ज्यादा मौके मिलेंगे.

# देवभूमि उद्यमिता योजना से नए उद्यमों की होगी स्थापना

## ○ स्थानीय स्तर पर युवाओं को मिलेगा रोजगार ○ महाविद्यालय में बूट कैंप के माध्यम से छात्र अपने बिजनेस आईडिया को कर सकगें साझा

**उत्तरकाशी।** देवभूमि उद्यमिता योजना तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से छह दिवसीय प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। सोमवार को रा0स0 उ0 राजकीय महाविद्यालय उत्तरकाशी की डॉ अंजना रावत ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता एवं

स्टार्ट अप के प्रति जागरूकता लाना है जिससे नए उद्यमों की स्थापना हो सके और स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार की संभावना बढ़ सके। छात्रों को स्टार्टअप सीड फंडिंग सरकार द्वारा करवाई जाएगी तथा स्टार्ट अप को उद्योग के रूप में स्थापित करने में निजी कंपनियों के द्वारा निवेश हेतु प्रेरित किया जायेगा। महाविद्यालय में छात्रों को इस योजना से जोड़ने का कार्य आरम्भ हो चुका है छात्रों को अभिप्रेरित करने के कार्य निरंतर किया जा रहा है।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ मधु थपलियाल ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 22-23 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय में बूट कैंप आयोजित किया जायेगा जिसमें छात्र अपने बिजनेस आईडिया को साझा करेंगे। छात्रों को उद्यमिता के प्रति प्रेरित कर उनके व्यवसायिक विचार को एक सफल उद्योग के रूप में स्थापित करने तक महाविद्यालय का देवभूमि उद्यमिता केंद्र निरंतर दिशा निर्देशित करता रहेगा।




महावियालय की प्राचार्या ने डॉ अंजना रावत के इस प्रशिक्षण के सफलता पूर्वक संपादन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की इस उत्तरकाशी जैसे सीमान्त जनपद में इस योजना के तहत जहाँ छात्रों अपने उद्यम स्थापित करने की दिशा मिलेगी और इससे पलायन पर भी अंकुश लगेगा।

इस मौके पर डॉ तिलकराम डॉ अनामिका, डॉ सुभाष, डॉ लोकेश, डॉ ऋचा, डॉ प्रवीण, डॉ प्रीती आदि प्राध्यापकों द्वारा इस योजना के लिए छात्रों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है।

# स्याल्दे में होगी उद्यमिता केंद्र की स्थापना

स्याल्दे। एसएसजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में देवभूमि उद्यमिता केंद्र की स्थापना होगी। इसके लिए एसोसिएट प्रो डॉ निर्मला लोहनी ने अहमदाबाद से छह दिवसीय फैकल्टी मेंटल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण लिया है। प्रभारी प्राचार्य डॉ आभा अग्रवाल ने डॉ निर्मला लोहनी को प्रशिक्षण प्राप्त करने की बधाई दी। साथ ही डॉ नीमा राणा, डॉ मोनू बाला, डॉ निशा, अमित कुमार, डॉ जगदीश चंद्र, ममता गौड़, डॉ रवि कान्त कुमार ने खुशी जताई है।

# देवभूमि उद्यमिता योजना को बनाया जाएगा प्रभावी

जासं, रुद्रपुर : सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के डा. आशीष गुप्ता ने अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कालेज का प्रतिनिधित्व किया। इसमें उन्होंने महाविद्यालय स्तर पर देवभूमि उद्यमिता योजना को प्रभावी बनाने की दिशा में कौशल प्राप्त किया।

प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे डा गुप्ता ने बताया कि उद्यमिता विकास, रोजगार, स्टार्टअप एवं व्यवसायिक निपुणता प्राप्त करने की दिशा में छात्र छात्राओं को प्रेरित किया जाएगा। देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को उद्यमी बनाने, उनके अंदर उद्यमिता कौशल को निखारने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विद्यार्थियों को उद्यमशीलता योजना की जानकारी प्रदान करने के लिए महाविद्यालय स्तर पर बूट कैंप का आयोजन किया जाना है, जिसमे 250 छात्र छात्राओं को उद्यमिता के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान कर उन्हें सीड फंडिंग, सरकारी एवं गैर सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की दिशा में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम को पूर्ण रूप से महाविद्यालय में लागू किया जाएगा। इसके लिए महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना हो चुकी है। उद्यमिता विकास केंद्र रोजगार सृजन की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।






Group Photographs with FMDP Participants

| Participant List | | | |
|---|---|---|---|
| **S.No.** | **District** | **Name of College** | **Name of Faculty** |
| 1 | Tehri Garhwal | Govt. Degree College, Thatyur | Dr. Gulnaz Fatima |
| 2 | U.S.Nagar | Radhe Hari Govt.P G college Kashipur | Dr. Kishor Chandra Joshi |
| 3 | Pauri Garhwal | Govt Degree College, Kotdwar Bhaber | Dr. Vinay Devlal |
| 4 | Pauri Garhwal | MGG Degree College, Bithyani Yamkeshwar | Dr. Ram Singh Samant |
| 5 | Almora | Govt. Degree College, Bhatrojkhan | Dr. Ketki Tara |
| 6 | U. S Nagar | Government Degree College, Rudrapur | Dr. Ashish Gupta |
| 7 | Almora | Govt. P.G. College, Kunidhar Manila | Dr. Jitendra Prasad |
| 8 | Almora | Govt. P.G. College, Ranikhet | Dr. Niharika Singh Bisht |
| 9 | Almora | Govt. P.G. College, Syaldey | Dr. Nirmala Lohni |
| 10 | Pithoragarh | Government P. G. College, Baluwakot | Ms. Chandra Nabwal |
| 11 | U. S Nager | H.N.B. Government P.G. College Khatima | Dr. Harendra Mohan singh |
| 12 | U.S.Nagar | HNB Government pg College khatima | Dr. Krishna Kant Mishra |
| 13 | U.S.Nagar | Govt. P.G. College, Sitarganj | Dr. M.C. Arya |
| 14 | U.S.Nagar | Govt. Degree College, Gadarpur | Dr. Ashok Kumar |
| 15 | Uttarkashi | R.C. Uniyal, Govt. P.G. College | Dr. Anjana Rawat |
| 16 | Dehradun | Govt. Degree College Dehradun, Shehar | Dr. Nitu Baluni |
| 17 | Pauri Garhwal | Govt. Degree College, Chaubattakhal | Dr. Sharvan Kumar |
| 18 | Tehri Garhwal | Govt. Degree College, Nainbagh | Dr. Madhu Bala Juwantha |
| 19 | Nainital | Govt. Degree College Haldwani City | Dr. Ashish Anshu |
| 20 | Almora | Government Degree College, Masi | Dr. Sanjeev Kumar |
| 21 | Pauri Garhwal | Dr.P.D.B.H Government Post Graduate College Kotdwar | Dr. Mukesh Rawat |
| 22 | Tehri Garhwal | Govt. Degree College, Kamand | Dr. Deepak Rana |
| 23 | Tehri Garhwal | Phool Singh Bisht Degree College, Lambgaon | Dr. Tarun Mohan |
| 24 | Uttarkashi | Govt. Degree College Brahmkhal | Mr. Vinod Kumar |
| 25 | Nainital | Uttarakhand Open University | Dr. Subhash Chand Ramola |
| 26 | Pauri Garhwal | Government Degree College, Uffrainkhal | Dr. Vikash Singh Rana |
| 27 | Uttarkashi | Govt. Degree College, Chinyalisaur | Dr. Aradhana Singh |
| 28 | Almora | Sohan Singh Jeena University, Almora | Er. Ravindra Nath Pathak |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29 | Chamoli | Govt. Post Graduate College, Gairsain | Dr. Grijesh Kumar |
| 30 | Haldwani | Govt. Degree College, Ramgrah | Dr. Haresh Ram |
| 31 | Nainital | P.N.G. Govt. P.G. College, Ramnagar | Dr. Prakash Singh Bist |